# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन–2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष : +91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.isba.bih.nic.in


पत्रांक: BRLPS/LSBA/Proj/08/2017/292 दिनांक: 13.09.17

प्रेषक ,

बालामुरूगन डी., भा०प्र०से०

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष

जिला जल एवं स्वच्छता समिति,

बिहार।

विषय: विभिन्न जिलों को 'खुले में शौच से मुक्त' करने हेतु पुनरीक्षित समय सीमा (कार्य योजना) के संबंध में ।

महाशय/महाशया,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि विभाग द्वारा राज्य को 2 अक्टूबर 2019 तक 'खुले में शौच से मुक्त' करने का लक्ष्य रखा गया था, एवं इस लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति की समीक्षा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा दिनांक 5 अगस्त 2017 को की गयी थी।

निदेशानुसार सभी जिलों को 'खुले में शौच से मुक्त' करने हेतु पुनरीक्षित लक्ष्य निर्धारित किये गये है, तदनुसार सभी जिलो द्वारा संशोधित लक्ष्य के अनुरूप जिला ODEP Plan तैयार किया जाय। संभावना है कि कई जिलो द्वारा प्रस्तावित लक्ष्य के पूर्व ही जिले को 'खुले में शौच से मुक्त' घोषित किया जा सकता है, परन्तु सभी जिलों द्वारा यह ध्यान रखा जाए कि जिलों को खुले में शौच से मुक्त करने के संशोधित लक्ष्य को आगे नहीं बढाया जाए ।

अत: निदेशित करना है कि सभी जिलों द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के संशोधित लक्ष्य के प्राप्ति हेतु समुदाय के भागीदारी एवं व्यवहार परिवर्तन को सुनिश्चित करते हुए मिशन मोड में कार्य प्रारंभ किये जाए एवं उपलब्धियों को IMIS पर अद्यतन करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

अनुलग्नक : यथोक्त

13/09/17

(बालामुरुगन डी.)

प्रतिलिपि : सभी उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष/ निदेशक सह सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : उप मिशन निदेशक, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि : विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

# खुले में शौच से मुक्त : वर्षवार लक्ष्य विवरणी

| दिसंबर - 2017 तक | मार्च - 2018 तक | 2 अक्टूबर - 2018 तक | मार्च - 2019 तक |
|---|---|---|---|
| रोहतास | बक्सर | वैशाली | मधुबनी |
| | खगड़िया | शिवहर | मुजफ्फरपुर |
| | पूर्वी चम्पारण | भोजपुर | सुपौल |
| | पश्चिम चम्पारण | कटिहार | अररिया |
| | गोपालगंज | दरभंगा | किशनगंज |
| | बाँका | नालंदा | नवादा |
| | जहानाबाद | पटना | मधेपुरा |
| | शेखपुरा | औरंगाबाद | जमुई |
| | लखीसराय | पूर्णिया | कैमूर |
| | अरवल | गया | सिवान |
| | सीतामढ़ी | सहरसा | सारण |
| | | मुंगेर | |
| | | भागलपुर | |
| | | बेगुसराय | |
| | | समस्तीपुर | |
| 1 | 11 | 15 | 11 |